प्राचार्य का कार्यालय
राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, बक्सर
(ग्राम–महदह, इटाढ़ी रोड, पुलिस लाईन के पास, पो०–गजाधर गंज, बक्सर–802103)

Ph- 06183-297194
E-mail:-gecbuxar@gmail.com
Website:- gecbuxar.ac.in

आदेश

विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–1250, दिनांक–21.03.2024 के आलोक में राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, बक्सर में अध्ययनरत सभी छात्र/छात्राओं की उपस्थिति तथा अन्य व्यवस्थाओं के बारे में उनके माता–पिता से विचार–विमर्श एवं सुझाव के निमित पेरेंट टीचर मीट आहुत की गई है, जो निम्नवत् है :–

क्र०सं०	दिनांक	छात्र/छात्राओं का वर्ष	समय
1	03.05.2024	1st year	10:30 AM to 01:00 PM
		2nd Year	02:30 PM to 05:00 PM
2	04.05.2024	3rd Year	10:30 AM to 01:00 PM
		शेष जो पूर्व में अनुपस्थित रहे	02:30 PM to 05:00 PM

उपरोक्त निर्धारित तिथि एवं समय के अनुसार संस्थान में अध्ययनरत सभी छात्र/छात्राओं के माता अथवा पिता अथवा माता–पिता दोनों तथा माता–पिता की अनुपस्थिति में अथवा विशेष परिस्थिति में छात्र/छात्राओं के अभिभावक द्वारा इस बैठक में भाग लिया जा सकेगा।

अतः उक्त तथ्यों के परिप्रेक्ष्य में संस्थान में अध्ययनरत सभी छात्र/छात्राओं के माता अथवा पिता अथवा अभिभावक से अनुरोध है कि उक्त निर्धारित बैठक में ससमय भाग लेना सुनिश्चित किया जाय, ताकि इन गतिविधियों से संस्थागत व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण एवं NBA के मानदण्डों को पूर्ण करने में सहयोग मिल सके।

ह०/–
प्राचार्य
राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय
बक्सर

ज्ञापांक– जी०ई०सी०/बक्सर/24/ 220 **दिनांक:–** 24 **/** 04 **/2024**

प्रतिलिपि :– 1. सभी शिक्षक, राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, बक्सर को सूचनार्थ प्रेषित एवं निदेश दिया जाता है कि संस्थान में अध्ययनरत सभी छात्र/छात्राओं से समन्वय स्थापित कर उनके माता अथवा पिता अथवा अभिभावक को सूचित करना सुनिश्चित करेंगे।

2. सभी विभागाध्यक्ष/वार्डन, राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, बक्सर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

3. श्री अमीत कुमार, सहायक प्राध्यापक (ECE) को संस्थान के वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

24/04/2024
प्राचार्य
राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय
बक्सर